ABHA-आधारित स्कैन और शेयर सेवा

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (National Health Authority- NHA) ने आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट्स (ABHA) **आधारित स्कैन और शेयर सेवा** के माध्यम से **बाह्य-रोगी विभाग (Out-Patient Department- OPD) में** पंजीकरण के लिये 3 करोड़ से अधिक टोकन सृजित कर उपलब्धि हासिल की है।

- यह **OPD पंजीकरण काउंटर** पर प्रदर्शित **QR कोड को स्कैन** करके OPD अपॉइंटमेंट की सुविधा प्रदान कर मरीज़ों को पंजीकरण करने में सक्षम बनाता है।
- इससे अपॉइंटमेंट के लिये **लंबी कतार में प्रतीक्षा करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है,** जिससे बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को लाभ मिला है।
- उत्तर प्रदेश ने सबसे अधिक टोकन सृजित किये हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर का स्थान है।
- यह सेवा वर्ष 2022 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (Ayushman Bharat Digital Mission- ABDM) के तहत शुरू की गई थी।
- ABHA एक अद्वितीय **14-अंकीय संख्या** है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के संपूर्ण **स्वास्थ्य रिकॉर्ड** को एकीकृत करने के लिये किया जाता है, ईसका उद्देश्य एक **डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र** का निर्माण कर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना है।

//

और पढ़ें: [आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/abha-based-scan-and-share-service